सोमवार, 21 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 241, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO, 05, BOTTOM

# गीतों पर कथक गुरुओं और शिष्यों ने दी प्रस्तुति

- एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम कथक नृत्य को समर्पित रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को रिमझिम गिरे सावन के नाम से कथक नृत्य की शाम का आयोजन हुआ। कथक विद्यार्थियों ने आज काली घटा घन घोर गगन में, बिजुरी चमके, बरसे मेघा, बरसे बदरिया सावन की, इठलाती बलखाती और बादल गरजत नभ घोरे है... आदि गीतों पर प्रस्तुति दी।

कथक गुरु देवाज्योति नस्कर मंच पर आए और उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन के लिए गावत सब मल्हार गुंजन पर प्रस्तुति दी। कथक गुरु रियाश्री चटर्जी ने सावन मोहे तरसाए, अंशु कुमार शर्मा ने घर आई हे कारी बदरिया' को कथक के भावों से प्रदर्शित किया। रियाश्री चटर्जी और अंशु कुमार ने एक साथ प्रस्तुति दी। इंस्ट्रूमेंट गुरु उमेश मिश्रा, अमरनाथ और अनुग्रह सिंह ने वाद्ययंत्रों के माध्यम से एवं गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने अपने स्वरों के जरिये कार्यक्रम 'रिमझिम गिरे सावन' में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यार्थी करुण्य, नायरा, अवियाना, गौर्वी, ईशान्वी, अवनी, आहाना, नित्या अग्रवाल, गौरिका, गुरनूर, नितारा, नित्या जैन, समीक्षा, अराध्या, सान्वी, वृंदा, मीरा, रिद्य, नित्या, निधि चावला, मधुर कुकरेजा, क्षमा अग्रवाल, प्रिय भाषिनी पाठक, सुषमा सिंह और तृप्ता वर्मा ने प्रस्तुति दी। चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ.रीटा शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




रिद्धिमा में रिमझिम गिरे सावन पर प्रस्तुति देते कथक कलाकार। ● अमृत विचार